रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 301] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 1, 1984/श्रावण 10, 1906
No. 301] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 1, 1984/SRAVANA 10, 1906

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कंपनी कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 अगस्त, 1984

सा.का.नि. 584 (अ).—केन्द्रीय सरकार, एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 67 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार नियम, 1970 का (जिसे इसमें इसके पश्चात् "उक्त नियम" कहा गया है) और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार (संशोधन) नियम, 1984 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. उक्त नियमों के नियम 2 में,—

(1) खंड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित खंड, खंड (खख) के रूप में अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

(खख) "महानिदेशक" से अधिनियम की धारा 8 के अधीन नियुक्त किया गया अन्वेषण और रजिस्ट्रीकरण महानिदेशक अभिप्रेत है;

(2) खंड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(ग) किसी उपक्रम के संबंध में, "मुख्य अधिकारी" से, (i) जहां उपक्रम किसी निगमित निकाय के स्वामित्व में हो वहां—

*टिप्पण :—

*एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार नियम, 1970 भारत के राजपत्र असाधारण भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (i) में अधिसूचना सं० सा०का०नि० 1037 (ङ) दिनांक 9-7-70 द्वारा दिनांक 10-7-70 द्वारा प्रकाशित किये गये । बाद में उनका निम्नलिखित अधिसूचनाओं संख्या द्वारा संशोधन किया गया :—

(i) सा.का.नि. 92 दिनांक 8-1-71

(ii) सा.का.नि. 672 दिनांक 29-4-71

(iii) सा.का.नि. 748 दिनांक 6-6-72

(iv) सा.का.नि. 321 (ङ) दिनांक 22-6-72

(v) सा.का.नि. 1016 दिनांक 28-8-74

(vi) सा.का.नि. 1017 दिनांक 10-9-74

(vii) सा०का०नि० 1181 दिनांक 2-8-76

(viii) सा.का.नि. 1392 दिनांक 18-9-76

(ix) सा.का.नि. 1124 दिनांक 4-9-78

(क) निगमित निकाय का प्रबंध निदेशक; या

(ख) निगमित निकाय का कोई अन्य निदेशक, प्रबंधक या सचिव, जिसे ऐसे निगमित निकाय के निदेशक बोर्ड द्वारा उस निमित्त एक संकल्प द्वारा प्राधिकृत किया गया है;

(ii) जहां उपक्रम फर्म के स्वामित्व में हो, वहां उसका कोई भागीदार;

(iii) जहां उपक्रम किसी हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब के स्वामित्व में हो, वहां कुटुम्ब का कर्ता या प्रबंधक;

(iv) जहां उपक्रम व्यष्टियों के संगम, चाहे निगमित हो या नहीं, के स्वोमित्व या नियंत्रण में हो, वहां इस निमित्त लिखित में विनिर्दिष्ट रूप से प्राधिकृत किया गया कोई व्यष्टि;

(v) जहां उपक्रम किसी व्यष्टि के स्वामित्व में हो, वहां स्वयं व्यष्टि;

(vi) जहां उपक्रम किसी न्यास के स्वामित्व या नियंत्रण में हो, वहां प्रबंध न्यासी या कोई अन्य व्यष्टि जो न्यास का प्रबंध कर रहा है;

अभिप्रेत है ।"

3. उक्त नियमों के नियम 3 के परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (3) के खंड (घ), धारा 22 की उपधारा (3) के खंड (च), धारा 25 और धारा 26 के अधीन किए गए आवेदनों की बाबत यह पर्याप्त होगा, यदि ऐसे आवेदनों के साथ एक मूल प्रति और उसकी छह प्रतियां हों ।"

4. उक्त नियमों के नियम 5 में, उपनियम (2) के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) ऐसी प्रत्येक सूचना के साथ एक हजार रुपए की फीस दिए जाने के साक्ष्यस्वरूप चालान या बैंक ड्राफ्ट होगा ।"।

5. उक्त नियमों के नियम 5 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"5क. धारा 21 की उपधारा (3) के खंड (घ) के अधीन आवेदन—(1) अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (3) के खंड (च) के अधीन केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए, आवेदन प्ररूप 1-ख में किया जाएगा ।

(2) नियम 5 के उपनियम (2) और उपनियम (3) में अधिकथित प्रक्रिया, इस नियम के उपनियम (1) में निर्दिष्ट किसी आवेदन को भी लागू होगी ।

(3) केन्द्रीय सरकार, उपनियम (1) के अधीन आवेदन के संबंध में किसी आदेश के पारित किए जाने के पूर्व उपक्रम के स्वामी से ऐसी अतिरिक्त जानकारी जो वह सरकार आवश्यक समझे, देने की अपेक्षा कर सकेगी ।"

6. उक्त नियमों के नियम 6 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"6क. धारा 22 की उपधारा (3) के खंड (घ) के अधीन आवेदन—(1) अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (3) के खंड (घ) के अधीन केन्द्राय सरकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन प्ररूप II ख में किया जाएगा ।

(2) नियमों 5 के उपनियम (2) और उपनियम (3) में अधिकथित प्रक्रिया इस नियम के उपनियम (1) में निर्दिष्ट किसी आवेदन को भी लागू होगी ।

(3) केन्द्रीय सरकार, उपनियम (1) के अधीन दिए गए किसी आवेदन के संबंध में किसी आदेश के पारित किए जाने के पूर्व, आवेदक से ऐसी अतिरिक्त जानकारी, जो वह सरकार आवश्यक समझे, देने की अपेक्षा कर सकेगी ।"

7. उक्त नियमों के नियम 8 में, उपनियम (2) के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन के साथ दो सौ रुपए की फीस दिए जाने के साक्ष्यस्वरूप चालान या बैंक-ड्राफ्ट होगा ।"

8. उक्त नियमों के नियम 9 में, उपनियम (2) के स्थान पर, निम्नलिखित, रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन के साथ पांच सौ रुपए की फीस दिए जाने के साक्ष्यस्वरूप चालान या बैंक ड्राफ्ट होगा ।"

9. उक्त नियमों के नियम 9 के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"9क. रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के लिए आवेदन— (1) अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (3) के अधीन रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के लिए किए गए प्रत्येक आवेदन में ऐसे किसी आवेदन के किए जाने के कारणों को स्पष्ट रूप से उपदर्शित किया जाएगा और उसके साथ आवेदन में किए गए कथन के समर्थन में मुख्य अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एक शपथपत्र भी होगा ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन के समर्थन में किए गए कथन, समय-समय पर संशोधित एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार (जानकारी) नियम, 1971 में विनिर्दिष्ट प्ररूप के अनुरूप या उस परिस्थितियों के यथासाध्य निकट होंगे ।

(3) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन के साथ एक हजार रुपए की फीस दिए जाने के साक्ष्यस्वरूप चालान या बैंक ड्राफ्ट होगा ।

9ख. धारा 30ख के अधीन अनुमोदन के लिए आवेदन— (1) अधिनियम की धारा 30 ख के अधीन केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के लिए प्रत्येक आवेदन प्ररूप 8 में किया जाएगा ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन के साथ पां. सौ रुपए की फीस दिए जाने के साक्ष्यस्वरूप चालान या ड्राफ्ट होगा ।

9ग. धारा 30ग के अधीन सूचना और धारा 30ख के अनुमोदन के लिए आवेदन—(1) धारा 30ग में निर्दिष्ट प्र. सूचना और धारा 30ख के अधीन अनुमोदन के लिए प्रत्येक आवेदन प्ररूप 9 में किया जाएगा ।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ पांच सौ रुपए की फीस दिए जाने के साक्ष्यस्वरूप चालान या बैंकड्राफ्ट होगा ।"

10. उक्त नियमों के नियम 10 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"10. फीस का संदाय—(1) अधिनियम के अधीन या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम या विनियमों के अधीन संदेय फीस———"104-अन्य साधारण आर्थिक सेवाएं—एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 के अधीन वसूल की गई फीसें—(i) एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग और महानिदेशक, अन्वेषण और रजिस्ट्रीकरण, द्वारा वसूल की गई फीस; (ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 के अधीन वसूल की गई आवेदन फीस" लेखा शीर्ष के अन्तर्गत जमा करने के लिए चालान द्वारा भारत के लोक खाते में नीचे वर्णित पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं में संदत्त की जाएंगी ।

क्रम सं०	नगर	पंजाब नेशनल बैंक की शाखा का नाम
1.	अहमदाबाद	आश्रम रोड
2.	इलाहाबाद	सिविल लाइंस
3.	बंगलौर	नगर शाखा
4.	मुम्बई	फिरोज शाह मेहता रोड
5.	कलकत्ता	बेबोर्न रोड
6.	चण्डीगढ़	सेक्टर-17
7.	कटक	कटक
8.	दिल्ली	बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली
9.	एर्नाकुलम	एर्नाकुलम
10.	ग्वालियर	नया बाजार
11.	हैदराबाद	बैंक स्ट्रीट
12.	जयपुर	एम०आई०रोड
13.	जोधपुर	रसाडा कॉलोनी
14.	जालंधर	सिविल लाइन्स
15.	कानपुर	स्वरूप नगर
16.	मद्रास	माऊंट रोड
17.	नागपुर	किस्सवे
18.	पणजी	पिफर्लेकर रोड
19.	पटना	बोरिंग रोड
20.	शिलांग	शिलांग
21.	श्रीनगर	अमीराकादल

(2) अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम या विनियमों के अधीन संदेय फीस भी, वेतन और लेखा अधिकारी, कंपनी कार्य विभाग नई दिल्ली के पक्ष में लिखे गए मांगवेय ड्राफ्ट द्वारा संदत्त की जा सकेगी ।

(3) चालान/बैंक ड्राफ्ट, यथास्थिति, कंपनी कार्य विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली या एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग या महानिदेशक, अन्वेषण और रजिस्ट्रीकरण, नई दिल्ली को भेजा जा सकेगा ।"

11. उक्त नियमों के नियम 11 के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"11. अधिनियम की धारा 36(3) के अधीन आवेदन.—(1) जहां कोई आवेदन, अधिनियम की धारा 36 की उपधारा (3) के अधीन महानिदेशक द्वारा प्राप्त किया जाता है और उसकी यह राय है कि आयोग द्वारा जारी किए गए किन्हीं साधारण निदेशों के अनुरूप इसका निपटारा किया जा सकता है वहां, वह आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् ऐसा करेगा ।

(2) अधिनियम की धारा 36 की उप-धारा (3) के अधीन महानिदेशक को किए गए आवेदन के साथ उसकी छह अतिरिक्त प्रतियां होंगी ।"

12. नियम 11 के पश्चात् निम्नलिखित नियम 11क के रूप में अंत: स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"11क. रजिस्टर में प्रविष्ट की जाने वाली विशिष्टियां और उसका रखा जाना.—(1) महानिदेशक, अधिनियम की धारा 33 की उप-धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरणीय करारों की विशिष्टियां और धारा 37 के अधीन आयोग द्वारा किए गए प्रत्येक आदेश का सार प्ररूप भ के अनुसार रखे गए रजिस्टर में प्रविष्ट किया जाएगा ।

(2) महानिदेशक अधिनियम की धारा 36 की उप-धारा (2) के अधीन रजिस्टर का एक विशेष खंड, उसमें ऐसी विशिष्टियां प्रविष्ट करने के लिए रखेगा, जो आयोग द्वारा निर्दिष्ट की जाएं या धारा 66 के अधीन इस निमित्त बनाए गए विनियमों द्वारा विहित की जाएं ।

(3) महानिदेशक, करारों के रजिस्टर के विशेष खंड में प्रविष्ट किए जाने के लिए आरक्षित पक्षकारों से भिन्न पक्षकारों के नामों की एक वर्णक्रम अनुक्रमणिका रखेगा ।

(4) महानिदेशक, करारों के अन्तर्वस्तु आने वाले माल या सेवाओं के संबंध में ऐसे करारों का, यथासाध्य, एकाधिकार तथा अवरोध व्यापारिक व्यवहार (माल का वर्गीकरण) नियम, 1971 की अनुसूची में विनिर्दिष्ट वर्गीकरण के आधार पर एक वर्णक्रम अनुक्रमणिका भी रखेगा ।

(5) अधिनियम की धारा 35 के अधीन दिए गए सभी करार और अन्य दस्तावेज पृथक फोल्डरों में, प्रथम संविदाकारी पक्षकार के नाम के अनुसार वर्णक्रम में रखे जाएंगे ।

(6) महानिदेशक अपने द्वारा किए गए अवरोधक व्यापारिक व्यवहार, एकाधिकार व्यापारिक व्यवहार और नावाजिब व्यापारिक व्यवहार की बाबत अन्वेषण या आयोग द्वारा की गई जांच की विशिष्टियां भी क्रमश: प्ररूप 11, प्ररूप 11क और 11ख के अनुसार, एक पृथक रजिस्टर में रखेगा ।

13 नियम 12 में,—

(1) "रजिस्ट्रार" शब्द के स्थान पर, जहां-जहां वह आता है, "महानिदेशक" शब्द रखा जाएगा;

(2) आरंभिक भाग में, "जो अधिनियम के अध्याय 5 के अधीन रजिस्ट्रीकरणीय है" शब्दों के स्थान पर "जो अधिनियम की धारा 33 की उप-धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरणीय है" शब्द रखे जाएंगे;

(3) खंड (1) के उप-खंड (क) में "चार-चार" शब्दों के स्थान पर "दो-दो" शब्द रखे जाएंगे;

(4) खंड (i) के उप-खंड (ख) में, "प्ररूप viii" शब्द और अंक के स्थान पर "प्ररूप "12" शब्द और अंक रखे जाएंगे;

(5) खंड (ii) के उप खंड (क) में, "चार-चार" शब्दों के स्थान पर "दो-दो" शब्द रखे जाएंगे;

(6) खंड (ii) के उप-खंड (ख) में, "चार-चार" शब्दों के स्थान पर "दो-दो" शब्द रखे जाएंगे;

(7) खंड (ii) के उपखंड (ग) में, "प्ररूप viii" शब्द और अंक के स्थान पर "प्ररूप 12" शब्द और अंक रखे जाएंगे;

14. उक्त नियमों के नियम 13 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"13. करारों की परीक्षा और अभिलेखन.—(1) महानिदेशक अपने कार्यालय में प्राप्त प्रत्येक करार की विशिष्टियों की परीक्षा करेगा या करवाएगा ।

(2) यदि ऐसी परीक्षा करने पर, कोई विशिष्टि किसी भी बाबत त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण पाई जाती है तो, महानिदेशक, करार को प्राप्त करने की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर उस पक्षकार को, जिसने करार किया है, यह निदेश देगा कि वह, यथास्थिति उसमें की त्रुटियों का सुधार करे या उसमें से हुए लोपों की पूर्ति करे ।

(3) इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक दस्तावेज पर निम्नलिखित विशिष्टियां पृष्ठांकित की जाएंगी, अर्थात् :—

(क) तारीख जिसको यह रजिस्ट्रीकृत किया गया है;

(ख) क्रम संख्यांक और करार-रजिस्टर की पृष्ठ संख्या जिसमें प्रविष्ट किया गया है ।

(4) उप नियम (3) में निर्दिष्ट प्रत्येक पृष्ठांकन महानिदेशक द्वारा हस्ताक्षरित होगा और उस पर उसकी प्राधिकारिक मुद्रा लगी होगी ।

15. नियम 13 के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"13क. महानिदेशक के कर्तव्य और कृत्य (1) (क) महानिदेशक, अधिनियम और इन नियमों के अधीन उसको सौंपे गए कर्तव्य और कृत्यों के अतिरिक्त आयोग के समक्ष किसी जांच के दौरान किसी कार्यवाही में उपसंजात होने का हकदार होगा ।

(ख) जहां महानिदेशक, आयोग के समक्ष उपसंजात होने का हकदार है वहां वह, व्यैक्तिक रूप से उपसंजात हो सकेगा या उसका प्रतिनिधित्व इस निमित्त सम्यक रूप से प्राधिकृत कोई काउन्सेल कर सकेगा ।

(2) महानिदेशक का यह कर्तव्य होगा कि वह, ऐसे अन्वेषणों का संचालन करे जो अधिनियम के अधीन किसी प्रयोजन के लिए आयोग द्वारा निर्दिष्ट किए जाएं ।"

16. उक्त नियमों के नियम 15 के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाएगा अर्थात् :—

"16. रजिस्टर का निरीक्षण और उसमें से उद्धरण: (1) कोई व्यक्ति, जो विशेष खंड से भिन्न रजिस्टर का निरीक्षण करना चाहता है, निरीक्षण के प्रत्येक दिन के लिए पच्चीस रुपए की फीस दिए जाने के साक्ष्यस्वरूप नियम 10 में निर्दिष्ट चालान या बैंक ड्राफ्ट के साथ महानिदेशक को आवेदन करेगा ।

(2) महानिदेशक, आवेदक को या तो अपनी उपस्थिति में, या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति की उपस्थिति में, रजिस्टर का, रविवारों, प्रत्येक मास के द्वितीय शनिवारों और सार्वजनिक छुट्टियों से भिन्न किसी भी दिन कार्यालय समय के दौरान 10.30 पूर्वाह्न और 4.00 अपराह्न के बीच किसी भी समय, निरीक्षण करने की अनुज्ञा दे सकेगा ।

(3) आवेदक को रजिस्टर में प्रविष्ट की गई किन्हीं प्रविष्टियों के उद्धरण लेने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी, किन्तु उसे रजिस्टर में प्रविष्ट की गई विशिष्टियों से किन्हीं बातों को पेंसिल से टिप्पण करने की अनुज्ञा दी जा सकेगी ।

(4) कोई व्यक्ति, जो विशेष खंड से भिन्न, रजिस्टर में प्रविष्ट की गई किन्हीं विशिष्टियों की प्रमाणित प्रति या उन विशिष्टियों से उद्धरण प्राप्त करना चाहता है, महानिदेशक को आवेदन करेगा और ऐसे आवेदन के साथ, नकल किए जाने या उद्धृत किए जाने के लिए अपेक्षित प्रति एक सौ शब्दों के लिए एक रुपए की फीस होगी ।

(5) इस नियम के उप-नियम (4) के अधीन जारी की गई प्रति महानिदेशक द्वारा या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा सही प्रति प्रमाणित की जाएगी ।"

17. (1) उक्त नियमों की अनुसूची में प्ररूप 1 और प्ररूप 1क के स्थान पर, क्रमश: निम्नलिखित रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"प्ररूप 1

(नियम 5 देखें)

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 किसी उपक्रम के स्वामी द्वारा केन्द्रीय सरकार को पर्याप्त विस्तार करने के अपने आशय की दी जाने वाली सूचना का प्ररूप*

भाग "क"

उपक्रम के बारे में विशिष्टियां

1. उस उपक्रम का नाम और पता जिसका पर्याप्त रूप से विस्तार करने का प्रस्ताव है ।

2. अधिनियम की धारा 26 के अधीन उपक्रम का रजिस्ट्रीकरण, संख्यांक और तारीख ।

3. यदि उपक्रम रजिस्ट्रीकृत नहीं है तो निम्नलिखित उपदर्शित करें :—

(i) वह तारीख जिसको वह रजिस्टर करने के योग्य हो गया; और

(ii) उपक्रम के स्वामी को उसके रजिस्ट्रीकरण के लिए जारी की गई व्यतिक्रम सूचना, यदि कोई हो, का संख्यांक और तारीख ।

4. यह बताएं कि क्या उपक्रम, अधिनियम की धारा 20 के एक या अधिक खंडों के अधीन आता है, अर्थात् :—

(1) खंड (क)(i)

(2) खंड (क)(ii)

(3) खंड (ख)(i)

(4) खंड (ख)(ii)

5. यदि उपक्रम अधिनियम की धारा 20 के खंड (ख)(i) या खंड (ख)(ii) के अधीन आता है तो उस मद (उन मदों) / उस सेवा (उन सेवाओं) के बारे में बताएं जिसके संबंध में वह प्रधान है ।

6. प्रत्येक अन्तर्संबद्ध उपक्रम का नाम और पता ।

7. उपक्रम के स्वामी की विधिक प्रास्थिति उपदर्शित करें (क्या एकल-स्वत्वधारिता समुत्थान, भागीदारी फर्म/हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब/नियमित निकाय / अन्य व्यष्टि/संगम या /न्यास है) ।

8. यदि उपक्रम का स्वामी एकल स्वत्वधारिता समुत्थान है तो निम्नलिखित ब्यौरे दें :

(क) स्वत्वधारी (स्वत्वधारियों) का (के) नाम और पता (पते)।

(ख) अन्य संगठनों में ऊपर (क) के सामने वर्णित व्यक्तियों द्वारा धारित स्वत्व-धारिता, भागीदारी या निदेशक पद की विशिष्टियां।

9. यदि उपक्रम का स्वामी भागीदारी फर्म है तो, निम्नलिखित ब्यौरे दें:
(क) भागीदारों के नाम और पते।

(ख) अन्य संगठनों में ऊपर (क) के सामने वर्णित व्यक्तियों द्वारा धारित स्वत्व-धारिता, भागीदारी या निदेशक पद की विशिष्टियां।

10. यदि उपक्रम का स्वामी निगमित निकाय है तो निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) निगमित निकाय का नाम और उसके रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता।

(ख) निगमित निकाय के स्वामित्व के उपक्रम के सभी एककों और प्रभागों के नाम और पते।

(ग) निदेशकों के, जिनके अन्तर्गत अध्यक्ष, प्रबंध / पूर्णकालिक निदेशक और प्रबंधक, यदि कोई हों, भी हैं, नाम और पते।

(घ) अन्य संगठनों / निगमित निकाय में ऊपर (ग) के सामने वर्णित व्यक्तियों द्वारा धारित स्वत्वधारिता, भागीदारी या निदेशक पद की विशिष्टियां

(ङ) निगमित निकाय का प्राधिकृत, अभिदत्त और संदत्त पूंजी (साधारण और अधिमान दोनों)
पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वार्षिक लेखा की एक-एक प्रति संलग्न की जाए।

(च) निम्नलिखित प्ररूप में विद्यमान शेयर धारण पद्धति

शेयर धारक का नाम	साधारण पूंजी		अधिमान पूंजी	
	धारित शेयरों की संख्या	कुल पूंजी की प्रतिशतता	धारित शेयरों की संख्या	कुल पूंजी की प्रतिशतता
1	2	3	4	5
(i) संप्रवर्तक				
(ii) संप्रवर्तकों के नातेदार और मित्र				
(iii) निदेशक				
(iv) निदेशकों के नातेदार और मित्र				
(v) सहयुक्त व्यक्ति				
(vi) अन्तसंबद्ध उपक्रम				
(vii) अन्य उपक्रम				
(viii) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक				
(ix) वित्तीय संस्थाएं*				
(x) अनिवासी (विदेशी कंपनी/व्यष्टि)				
(xi) भारतीय जनता				
योग				

*प्रत्येक वित्तीय संस्था के शेयरधारण को एक पृथक पत्रे पर उपवर्णित करें।

(छ) निम्नलिखित प्ररूप में विद्यमान उधार :

यह स्रोत जिससे निधि जुटाई गई	उधार जिनके अन्तर्गत लोक निक्षेप भी है	डिबेंचर	योग
1	2	3	4
(i) संप्रवर्तक और निदेशक तथा उनके नातेदार, मित्र और सहयुक्त व्यक्ति			
(ii) अन्तसंबद्ध उपक्रमों के स्वामी			
(iii) अन्य उपक्रमों के स्वामी।			
(iv) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक।			
(v) वित्तीय संस्थाएं*।	4		
(vi) भारतीय जनता			
(vii) अन्य स्रोत (विनिर्दिष्ट किए जाएं)			
योग			

(ज) विद्यमान ऋण-साधारण अनुपात (कंपनी के संपरीक्षकों द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित ऋण-साधारण अनुपात की संगणना को दर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न किया जाए)

11. यदि उपक्रम किन्हीं माल के उत्पादन में लगा हुआ है तो प्रत्येक वस्तु की बाबत निम्नलिखित विशिष्टियां दें :

(क) वस्तु का नाम

(ख) अनुज्ञप्त क्षमता

(ग) संस्थापित क्षमता

(घ) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान मात्रा और मूल्य दोनों के अनुसार वास्तविक उत्पादन।

12. यदि उपक्रम किन्हीं माल के भंडारकरण, प्रदाय, वितरण, विपणन या नियंत्रण में लगा हुआ है तो निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) प्रत्येक माल का नाम

(ख) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान मात्रा और मूल्य दोनों के अनुसार व्यापाराधर्त।

13. यदि उपक्रम सेवा (सेवाएं) प्रदान करने में लगा हुआ है तो प्रत्येक सेवा की बाबत निम्नलिखित जानकारी दें:-

(क) सेवा की विशिष्टियां

(ख) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान सामान्य परिमाण के अनुसार अभिव्यक्त सेवा की मात्रा और ऐसी सेवा से प्राप्त आय और व्यापाराधर्त।

भाग "ख"

प्रस्तावित विस्तार के बारे में विशिष्टियां

14. यदि ए. अ. व्या. व्य. नियम, 1970 के नियम 10 के अधीन यथापेक्षित फीस का संदाय कर दिया गया है।
(बैंक का मांगदेय ड्राफ्ट या चालान की मूल प्रति संलग्न की जाए)।

15. व्यापार जर्नल या समाचारपत्रों के नाम जिनमें, ए. अ. व्या. व्य. नियम, 1970 के नियम 4क के अनुसार साधारण सूचना प्रकाशित की गई है।

(प्रत्येक प्रकाशन की मूल पत्र कतरनें और प्रकाशन की तारीख की बाबत एक प्रमाणपत्र संलग्न किए जाएं)।

16. यदि प्रस्तावित विस्तार माल के उत्पादन से संबंधित है तो निम्नलिखित जानकारी दें:—

(क) वस्तुओं के नाम

(ख) अनुज्ञात क्षमता :

(i) विद्यमान

(ii) प्रस्तावित वृद्धि

(iii) कुल पश्चात्वर्ती विस्तार

(ग) संस्थापित क्षमता :

(i) विद्यमान

(ii) प्रस्तावित विस्तार के पश्चात

(घ) उत्पादन, मात्रा और मूल्य में :

(i) पूर्ववर्ती तीन वर्षों में

(ii) प्रस्तावित विस्तार के पश्चात प्राक्कलित वार्षिक उत्पादन

(ङ) आस्तियां :

(i) पिछले वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर

(ii) प्रस्तावित विस्तार के पश्चात

(च) वैसे ही माल के भारत में कुल उत्पादन में शेयर की प्रतिशतता

उपक्रम का विद्यमान कुल वार्षिक उत्पादन	संपूर्ण देश में विद्यमान कुल उत्पादन	स्तंभ (2) में दिए गए आंकड़ों का/के स्त्रोत	प्रस्तावित विस्तार के पश्चात कुल उत्पादन	(2) के प्रतिशत के रूप में (i)
1	2	3	4	5

17. यदि प्रस्तावित विस्तार का संबंध उत्पादन से न होकर माल के भंडारकरण, प्रदाय, वितरण, विपणन या नियंत्रण या किसी सेवा के प्रबंध से है तो निम्नलिखित जानकारी दें:-

(क) माल का/के नाम या सेवा की विशिष्टियां

(ख) व्यापारावर्त/आय :

(i) पूर्ववर्ती तीन वर्षों में

(ii) प्रस्तावित विस्तार के पश्चात

(ग) आस्तियां :

(i) पिछले वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर

(ii) प्रस्तावित विस्तार के पश्चात

(घ) अखिल भारतीय आधार पर शेयर की प्रतिशतता:

उपक्रम द्वारा यथास्थिति, भंडार में रखे गए या प्रदाय किए गए या वितरित या विपणन किए गए या नियंत्रित या प्रबंध किए गए माल या सेवाओं का विद्यमान कुल वार्षिक मूल्य	संपूर्ण देश में स्तंभ (i) में निर्दिष्ट माल या सेवाओं का मूल्य (प्रबंध की गई सेवा/सेवाओं की दशा में व्यापारावर्त)	उपक्रम के प्रस्तावित विस्तार के पश्चात (स्तंभ (i) में निर्दिष्ट माल या सेवाओं का मूल्य	(2) के प्रतिशत के रूप में (i)	स्तंभ (2) में दिए गए आंकड़ों का/के स्त्रोत
1	2	3	4	5

18. यदि कोई अन्तर्संबद्ध उपक्रम वैसे ही माल के उत्पादन, भंडारकरण प्रदाय, वितरण, विपणन या नियंत्रण में लगा हुआ है या वैसी ही सेवाएं कर रहा है तो निम्नलिखित बातों के बारे में जानकारी के साथ-साथ, उसकी पूर्ण विशिष्टियां दें।

(i) अनुज्ञप्त क्षमता

(ii) संस्थापित क्षमता

(iii) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान मात्रा और मूल्य दोनों के अनुसार वास्तविक उत्पादन / व्यापारावर्त

(iv) अखिल भारतीय आधार पर शेयर की प्रतिशतता (उसी रूप में दिया जाए जैसा ऐसे प्रत्येक उपक्रम की बाबत स्तंभ 17 (घ) में है)

19. संपूर्ण देश में मांग और पूर्ति की स्थिति :—

विद्यमान मांग	अगले वर्षों चालू अगले वर्षीय अवधि (केवल समापन वर्षों) में बढ़ी हुई मांग	5 से 10 में या और पंच-योजना	पहले से ही अनुमोदित क्षमता	वास्तव में संस्थापित क्षमता	पिछले तीन वर्ष में वास्तविक उत्पादन व्यापारावर्त वर्षवार	मांग और पूर्ति के बीच अंतर (1) (1) घटा घटा (3) (5)	स्तंभ (1), (2) (3) (4) और (5) में दी गई जानकारी का/के स्त्रोत
1	2	3	4	5	6	7	8

20. प्रस्तावित माल की प्रकृति :

(क) क्या समय-समय पर यथासंशोधित तारीख 2-2-73 की सरकार की औद्योगिक नीति कथन के परिशिष्ट 1 में सम्मिलित है

(ख) क्या लघु उद्योग सेक्टर के लिए आरक्षित है

(ग) लघु/मध्यम उद्योग सेक्टरों या पब्लिक सेक्टर पर संभाव्य प्रभाव

21. औद्योगिकी:

(क) क्या प्रस्तावित माल के विनिर्माण या प्रस्तावित सेवा में उन्नत प्रौद्योगिकी अन्तर्वलित है।

(ख) क्या प्रौद्योगिकी आवेदक द्वारा या अन्य स्वदेशी अनुसंधान और विकास स्थापन द्वारा विकसित की गई है ।

(ग) विदेशी सहयोग, यदि कोई हो, की विशिष्टियां

22. यह उपदर्शित करें कि क्या उस स्थान जहां विस्तार किया जाना है "उद्योग-रहित जिला" या अन्यथा पिछड़ा जिला है, जैसा कि केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है।

23. प्रस्तावित माल/सेवा (सेवाओं) की निर्यात क्षमता बताएं और क्या आवेदक निर्यात बाध्यता स्वीकार करने को तैयार है, यदि हां तो उसकी सीमा।

24. क्या प्रस्ताव में किन्हीं अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग अन्तर्वलित है ? यदि हां तो ब्यौरे दें।

25. क्या प्रस्ताव में प्रदूषण की दृष्टि से कोई बात है ? यदि हां, तो उन प्रदूषण निवारक उपायों का उल्लेख करें जिन्हें करने का प्रस्ताव है।

26. प्रस्तावित विस्तार से संबंधित प्राक्कलित परियोजना लागत और निम्नलिखित पर किए जाने वाले विनिधान का ब्यौरा :

रु० लाख में

(क) भूमि

(ख) भवन

(ग) मशीनरी

(i) आयातित

(ii) देशी

(घ) कामकाज पूंजी के लिए मार्जिन धन

(ङ) अन्य मदें (विनिर्दिष्ट किए जाएं)

योग

27. वित्त की प्रस्तावित स्कीम, जिसमें निम्नलिखित से जुटाई जाने वाली रकम स्पष्टत: उपदर्शित की गई हो :

(क) देश में ही निधियों को जुटाना (जो नकदी रु० लाख में प्रवाह विवरण द्वारा समर्थित हो।)

(ख) साधारण पूंजी

(ग) अधिमान पूंजी

(घ) डिबेंचर

(ङ) बैंक

(च) वित्तीय संस्थाएं

(छ) विदेशी मुद्रा उधार

(ज) केंद्रीय सहायकी

(झ) राज्य सहायकी

(ञ) अन्य स्रोत (विनिर्दिष्ट किए जाएं)

योग

28. वित्त की प्रस्तावित स्कीम में संप्रवर्तकों का अभिदाय अर्थात:-

(क) निम्नलिखित के लिए निदेशकों, उनके नातेदारों, मित्रों और सहयुक्त व्यक्तियों और अन्तर्संबद्ध उपक्रमों द्वारा अभिदाय की जाने वाली रकम :

(i) साधारण पूंजी

(ii) अधिमान पूंजी

(iii) डिबेंचर

(iv) अप्रतिभूत उधार

(ख) किसी पक्षकार द्वारा संयुक्त संप्रवर्तक के रूप में अभिदाय की जाने वाली रकम।

(ग) विदेशी सहयोगियों द्वारा, यदि कोई हो, अभिदाय की जाने वाली रकम।

(घ) देश में ही निधियों के जुटाए जाने से उपलब्ध रकम [जैसा कि ऊपर मद सं. 27 के अधीन (क) पर उल्लिखित है]

(ङ) अन्य संप्रवर्तकों द्वारा, यदि कोई हो, अभिदाय की गई रकम (विनिर्दिष्ट करें)।

योग

29. वित्त की प्रस्तावित स्कीम को कार्यान्वित कर दिए जाने के पश्चात ऋण साधारण अनुपात (संपरीक्षकों द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित ऋण साधारण अनुपात की संगणना को दर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न किया जाए।

30. क्या ए. अ. व्या. व्य० अधिनियम, 1969 और/या उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन इसके पूर्व इसी प्रकार का कोई प्रस्ताव किया गया था। यदि हां तो, प्रस्ताव की विशिष्टियां सरकार द्वारा किया गया विनिश्चय और उससे सूचना का संख्यांक और तारीख जिससे विनिश्चय सूचित किया गया था, उपदर्शित किए जाएं।

31. कोई अन्य जानकारी जो सुसंगत समझी जाए।

मुख्य अधिकारी के

स्थान हस्ताक्षर

तारीख

सत्यापन

"मैं क ख ..... सत्यनिष्ठा से यह कथन करता हूं कि ऊपर मद 1 से 31 में जो कुछ कथित है, वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है।"

मुख्य अधिकारी के

हस्ताक्षर

प्ररूप 1 क

[नियम 4क (1) देखें]

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 की धारा 21 की उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार को सूचना देने से पूर्व सर्वसाधारण को दी जाने वाली साधारण सूचना का प्ररूप

सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि .....,

(यहां उपक्रम के स्वामी का नाम उल्लिखित करें)

अपने उपक्रम का पर्याप्त विस्तार के लिए, एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 की धारा 21 की उपधारा (1) के अधीन एक सूचना केन्द्रीय सरकार के कंपनी कार्य विभाग, नई दिल्ली को देने का प्रस्ताव करता है । प्रस्ताव की संक्षिप्त विशिष्टियां निम्नानुसार हैं :

1. उपक्रम के स्वामी का नाम और पता
2. स्वामी के संगठन की पूंजी-संरचना
3. विस्तार किए जाने वाले एकक या प्रभाग का स्थान
4. यदि विस्तार का संबंध माल के उत्पादन भंडारकरण, प्रदाय, वितरण, विपणन या नियंत्रण से है तो निम्नलिखित उपदर्शित करें :
   (i) माल के नाम
   (ii) विस्तार किए जाने से पूर्व अनुज्ञप्त क्षमता/व्यापारावर्त
   (iii) प्रस्तावित विस्तार
5. यदि विस्तार का संबंध किसी सेवा से है तो मूल्य, व्यापारावर्त आय आदि जैसे सामान्य अध्युपायों के रूप में विस्तार की सीमा बताएं।
6. परियोजना की लागत
7. प्रत्येक स्रोत से जुटाई जाने वाली रकम उपदर्शित करते हुए वित्त की स्कीम

इस विषय में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति सचिव, कंपनी कार्य विभाग, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को, इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिन के भीतर, प्रस्ताव के संबंध में अपने विचार सूचित करते हुए और उसमें अपने हित का प्रकार उपदर्शित करते हुए, चार प्रतियों में अभ्यावेदन कर सकेगा ।

हस्ताक्षरित

तारीख (सूचना जारी करने वाले उपक्रम के मुख्य अधिकारी का नाम और पदनाम)"

(2) प्ररूप 1 क के पश्चात्, निम्नलिखित प्ररूप अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

प्ररूप 1 ख

(नियम 5क देखें)

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 । विस्तार की स्कीम या उससे संबंधित वित्त की स्कीम में उपांतरण के लिए आवेदन* का प्ररूप

1. उपक्रम का नाम और पता
2. कृपया बताएं कि क्या एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार नियम, 1970 के नियम 10 के अधीन यथाअपेक्षित फीस का संदाय कर दिया गया है (बैंक का मांग वेय ड्राफ्ट या चालान की मूल प्रति संलग्न की जाए)
3. यदि उपक्रम का स्वामी एकल स्वस्वधारिता समुत्थान/भागीदारी फर्म/हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब/संगम/या न्यास है तो उसकी पूंजी संरचना के बारे में निम्नलिखित जानकारी दें :

*आवेदन की पांच प्रतियों का भेजा जाना अपेक्षित है ।

(क) स्वामियों द्वारा किया गया विनिधान

(ख) विदेशी भागीदारी, यदि कोई हो, और ऐसी भागीदारी के निबन्धन तथा शर्तें ; और

(ग) उधार, बैंकों, बीमा कंपनियों, वित्तीय संस्थाओं और अन्य स्रोतों से जुटाए गए उधारों का ब्यौरा देते हुए ।

4. यदि उपक्रम का स्वामी निगमित निकाय है तो निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) निगमित निकाय का नाम और उसके रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता ;

(ख) निगमित निकाय के स्वामित्वाधीन सभी एककों और प्रभागों के नाम और पते ;

(ग) निदेशकों के, जिनके अन्तर्गत अध्यक्ष, प्रबंध/पूर्णकालिक निदेशक और प्रबंधक, यदि कोई हों, भी है, नाम और पते

(घ) अन्य संगठनों/निगमित निकाय में ऊपर (ग) के सामने दर्शित व्यक्तियों द्वारा धारित स्वस्वधारिता, भागीदारी या निदेशक पद की विशिष्टियां ;

(ङ) निगमित निकाय की प्राधिकृत , अभिदत्त और समादत्त पूंजी (साधारण और अधिमान दोनों) (पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वार्षिक लेखा की एक-एक प्रति संलग्न की जाए)

(च) निम्नलिखित प्ररूप में विद्यमान शेयर धारण पद्धति :

शेयर धारक का नाम	साधारण पूंजी		अधिमान पूंजी	
	धारित शेयरों की संख्या	कुल पूंजी की प्रति-शतता	धारित शेयरों की संख्या	कुल पूंजी की प्रति-शतता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
(i) संप्रवर्तक				
(ii) संप्रवर्तकों के नातेदार, सहयुक्त और मित्र				
(iii) निदेशक				
(iv) निदेशकों के नातेदार, सहयुक्त और मित्र				
(v) अन्तर्सम्बद्ध उपक्रम				
(vi) अन्य उपक्रम				
(vii) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक				
(viii) वित्तीय संस्थाएं				
(ix) अनिवासी (विदेशी कंपनी व्यष्टि)				
(x) भारतीय जनता				
योग				

(छ) निम्नलिखित प्ररूप में विद्यमान उधार :

तह स्रोत जिससे निधि जुटाई गई	उधार जिसके अन्तर्गत लोक निक्षेप भी हैं	डिबेंचर	योग
(1)	(2)	(3)	(4)
(i) संप्रवर्तक और निदेशक तथा उनके नातेदार, मित्र और सहयुक्त			
(ii) अन्तर्सम्बद्ध उपक्रम			
(iii) अन्य उपक्रम			
(iv) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक			
(v) वित्तीय संस्थाएं			
(vi) भारतीय जनता			
(vii) अन्य स्रोत (विनिर्दिष्ट किए जाएं)			
योग			

(ज) विद्यमान ऋण-साधारण अनुपात (कंपनी के संपरीक्षकों द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित ऋण-साधारण अनुपात की संगणना को दर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न किया जाए)

5. अधिनियम की धारा 21 के अधीन पहले से ही अनुमोदित विस्तार-स्कीम के ब्यौरे (सरकार द्वारा पारित आदेश की एक प्रति संलग्न की जाए)

6. अनुमोदित विस्तार-स्कीम में किए जाने वाले प्रस्तावित उपांतरण और उनके लिए कारण

7. परियोजना लागत :

व्यय के शीर्ष	पहले प्राक्कलित की गई लागत (रु० लाख में)	पुनरीक्षित लागत प्राक्कलन (रु० लाख में)	वृद्धि/कमी की सीमा (रु० लाख में)	अन्तर के पूर्ण कारण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
(क) भूमि				
(ख) भवन				
(ग) मशीनरी				
(i) आयातित				
(ii) देशी				
(घ) कामकाज पूंजी के लिए मार्जिन धन				
(ङ) अन्य शीर्ष (विनिर्दिष्ट किए जाएं)				
योग				

8. वित्त की स्कीम :

वित्त का स्रोत	रकम जो पहले जुटाई जानी थी (रु० लाख में)	रकम जो अब जुटाई जानी है (रु० लाख में)	वृद्धि/कमी की सीमा (रु० लाख में)	अन्तर के कारण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
(क) देश में ही निधियों को जुटाना (जो नकदी प्रवाह विवरण द्वारा समर्थित हों)				
(ख) नई साधारण पूंजी				
(ग) अधिमान-पूंजी				
(घ) डिबेंचर				
(ङ) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक				
(च) वित्तीय संस्थाएं				
(छ) विदेशी मुद्रा उधार				
(ज) केन्द्रीय सहायकी				
(झ) राज्य सहायकी				
(ञ) अन्य स्रोत (विनिर्दिष्ट किए जाएं)				
योग				

9. वित्त स्कीम में संप्रवर्तक का अभिदाय

अभिदायों की विशिष्टियां	वित्त की पूर्व स्कीम के अनुसार (रु० लाख में)	उपांतरित स्कीम के अनुसार (रु० लाख में)	वृद्धि/कमी की सीमा (रु० लाख में)	अन्तर के कारण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
(क) निम्नलिखित के लिए निदेशकों, उनके नातेदारों, मित्रों और सहयुक्तों तथा अन्तर्सम्बद्ध उपक्रमों द्वारा अभिदाय की जाने वाली रकम :				
(i) नई साधारण पूंजी				
(ii) अधिमान पूंजी				
(iii) डिबेंचर				
(iv) अप्रतिभूत उधार				

(ख) संयुक्त सेक्टर भागीदार यदि कोई हो, द्वारा अभिदाय की जाने वाली रकम

(ग) विदेशी सहयोगियों, यदि कोई हों, द्वारा अभिदाय की जाने वाली रकम

(घ) देश में ही निधियों को जुटाना [जैसा कि ऊपर मद सं० 8(क) में उल्लिखित है]

(ङ) अन्य संप्रवर्तक, यदि कोई हों, (विनिर्दिष्ट किए जाएं)

योग

10. वित्त की उपांतरित स्कीम को कार्यान्वित किए जाने के पश्चात् ऋण-साधारण अनुपात

(संपरीक्षकों द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित ऋण-साधारण अनुपात की संगणना को दर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न किया जाए)

11. यह उपदर्शित करें कि क्या किसी मान्यताप्राप्त शेयरबाजार में साधारण शेयरों को सूचीबद्ध किया गया है या सूचीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है ।

12. कोई अन्य जानकारी जो सुसंगत समझी जाए ।

स्थान : मुख्य अधिकारी के हस्ताक्षर

तारीख :

सत्यापन

"मैं, क ख .... सत्यनिष्ठा से यह कथन करता हूं कि ऊपर मद 1 से 12 में जो कुछ कथित है वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है ।

मुख्य अधिकारी के हस्ताक्षर"

(3) प्ररूप 2 और प्ररूप 2क के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित रखे जाएंगे अर्थात् :—

"प्ररूप 2

(नियम 6 देखें)

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 किसी नए उपक्रम/नए ह/भाग की स्थापना के लिए आवेदन* का प्ररूप

भाग "क"

आवेदन करने वाले व्यक्ति या प्राधिकारी के बारे में विशिष्टियां

1. आवेदक का नाम और पता

2. कृपया यह बताएं कि क्या एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार नियम, 1970 के नियम 10 के अधीन यथा अपेक्षित फीस का संदाय कर दिया गया है (बैंक का मांगदेय ड्राफ्ट या चालान की मूल प्रति संलग्न की जाए)

3. व्यापार जर्नल और समाचारपत्रों के नाम, जिनमें एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार नियम, 1970 के नियम 4क के अनुसार, साधारण सूचना प्रकाशित की गई है ।

*आवेदन की 12 प्रतियों का भेजा जाना अपेक्षित है ।

(प्रत्येक प्रकाशन की एक एक प्रति और प्रकाशन की तारीख की बाबत एक प्रमाणपत्र संलग्न किए जाएं)

4. उपक्रम के स्वामी की विधिक स्थिति उपदर्शित करें (क्या एकल स्वत्वधारिता समुत्थान भागीदारी फर्म/हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब/निगमित निकाय/अन्य व्यष्टि-संगम/न्यास है)

5. यदि उपक्रम का स्वामी एकल स्वत्वधारिता समुत्थान है तो निम्नलिखित ब्यौरे दें

(क) स्वत्वधारी (स्वत्वधारियों) का/के नाम और पता (पते)

(ख) अन्य संगठन में ऊपर (क) के सामने दर्शित व्यक्तियों द्वारा धारित स्वत्वधारिता, भागीदारी या निदेशक-पद की विशिष्टियां।

6. यदि आवेदक कोई भागीदार फर्म है तो निम्नलिखित ब्यौरे दें :

(क) भागीदारों के नाम और पते ।

(ख) अन्य संगठनों में ऊपर (क) के सामने दर्शित व्यक्तियों द्वारा धारित स्वत्वधारिता, भागीदारी या निदेशक पद की विशिष्टियां

7. यदि आवेदक निगमित निकाय है तो निम्नलिखित जानकारी दें :-

(क) निगमित निकाय का नाम और उसके रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता

(ख) निगमित निकाय के स्वामित्व के उपक्रम के सभी एककों और प्रभागों के नाम और पते

(ग) निदेशकों के जिसके अंतर्गत अध्यक्ष, प्रबंध/पूर्ण कालिक निदेशक और प्रबंधक यदि कोई हों, भी हैं, नाम और पते

(घ) अन्य संगठनों/निगमित निकायों में ऊपर (ग) के सामने दर्शित व्यक्तियों द्वारा धारित स्वत्वधारिता, भागीदारी या निदेशक पद की विशिष्टियां

(ङ) निगमित निकाय की प्राधिकृत, अभिदत्त और समादत्त पूंजी (साधारण और अधिमान दोनों) (पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वार्षिक लेखा की एक-एक प्रति संलग्न की जाए)

(च) निम्नलिखित प्ररूप में विद्यमान शेयर धारण पद्धति

शेयर धारक का नाम	साधारण पूंजी		अधिमान-पूंजी	
	धारित शेयरों की संख्या	कुल पूंजी की प्रतिशतता	धारित की संख्या	कुल पूंजी की प्रतिशतता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
(i) संप्रवर्तक				
(ii) संप्रवर्तक के नातेदार और मित्र				
(iii) निदेशक				
(iv) निदेशकों के नातेदार और मित्र				

(1)	(2)	(3)	(4)
(v) सहयुक्त व्यक्ति			
(vi) अन्तर्सम्बद्ध उपक्रम			
(vii) अन्य उपक्रम			
(viii) वित्तीय संस्थानों से भिन्न बैंक			
(ix) वित्तीय ।			
(x) अनिवासी व्यष्टि)			
(xi) भारतीय जनता ।			
योग			

(छ) निम्नलिखित प्ररूप में विद्यमान उधार

वह स्रोत जिससे निधि जुटाई गई है ।	उधार	डिबेंचर	योग
	जिनके अन्तर्गत लोक निक्षेप भी हैं		
(1)	(2)	(3)	(4)
(i) संप्रवर्तक और निदेशक तथा उनके नातेदार, मित्र और सहयुक्त व्यक्ति			
(ii) अन्तर्सम्बद्ध उपक्रमों के स्वामी			
(iii) अन्य उपक्रमों के स्वामी			
(iv) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक			
(v) वित्तीय संस्थाएं ***			
(vi) भारतीय जनता			
(vii) अन्य स्रोत (विनिर्दिष्ट किए जाएं)			
योग			

(ज) विद्यमान ऋण-साधारण अनुपात (कंपनी के संपरीक्षकों द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित ऋण-साधारण अनुपात की संगणना को दर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न किया जाए ।)

8. यदि आवेदक पहले से ही किन्हीं माल के उत्पादन में लगा हुआ है तो प्रत्येक वस्तु की बाबत निम्नलिखित विशिष्टियां दें :

(क) वस्तु का नाम

(ख) अनुज्ञप्त क्षमता

(ग) संस्थापित क्षमता

(घ) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान मात्रा और मूल्य दोनों के अनुसार वास्तविक उत्पादन

9. यदि आवेदक, किन्हीं माल के भंडारकरण, प्रदाय वितरण, विपणन या नियंत्रण में लगा हुआ है तो निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) प्रत्येक माल का नाम

(ख) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान मात्रा और मूल्य दोनों के अनुसार व्यापारावर्त

10. यदि आवेदक सेवा (सेवाएं) करने में लगा हुआ है तो प्रत्येक सेवा की बाबत निम्नलिखित जानकारी दे :

(क) सेवा की विशिष्टियां

(ख) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान सामान्य परिमाण के अनुसार अभिव्यक्त सेवा की मात्रा और प्रत्येक सेवा से प्राप्त आय और व्यापारावर्त

भाग "ख"

प्रस्तावित नए उपक्रम/एकक/प्रभाग के बारे में विशिष्टियां

11. प्रस्तावित नए उपक्रम/एकक/प्रभाग का नाम और पता

12. ऐसे प्रत्येक उपक्रम की बाबत निम्नलिखित जानकारी दें जिसके साथ प्रस्तावित नाम उपक्रम अन्तर्सम्बद्ध होगा या जिससे प्रस्तावित नया एकक या प्रभाग जोड़ा जाएगा :

(क) उपक्रम का नाम और पता

(ख) अधिनियम की धारा 26 के अधीन रजिस्ट्रीकरण की संख्यांक और तारीख

(ग) यदि उपक्रम रजिस्ट्रीकृत नहीं है तो निम्नलिखित उपदर्शित करें :

(i) वह तारीख जिसको वह रजिस्टर करने योग्य हो गया; और

(ii) सरकार द्वारा रजिस्ट्रीकरण के लिए जारी की गई व्यतिक्रम सूचना, यदि कोई हो, का संख्यांक और तारीख

13. क्या ऊपर मद 12 में निर्दिष्ट कोई भी उपक्रम प्रधान उपक्रम है ? यदि हां, तो, उपक्रम और उस (उन) माल/सेवा (सेवाओं) का/(के) जिसके (जिनके) संबंध में वह प्रधान है, नाम दें ।

14. प्रस्तावित स्थान, यह उपदर्शित करते हुए कि क्या वह, "उद्योग रहित" जिले या अन्यथा किसी पिछड़े जिले के अंतर्गत आता है, जैसाकि केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है ।

15. यदि प्रस्ताव माल/वस्तु (वस्तुओं) से संबंधित है तो निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) माल/वस्तु (वस्तुओं) का/के नाम

(ख) प्रस्तावित अनुज्ञप्त क्षमता

(ग) प्राक्कलित वार्षिक उत्पादन, मात्रा और मूल्य दोनों के अनुसार

(घ) निम्नलिखित प्ररूप में, प्रत्येक माल/वस्तु के लिए पृथक-पृथक वैसे ही माल/वैसी ही वस्तुओं का अखिल भारतीय उत्पादन में शेयर की प्रतिशतता

*** प्रत्येक वित्तीय संस्था के शेयर धारण एक पृथक पन्ने पर उपदर्शित करें ।

**** प्रत्येक वित्तीय संस्था से लिए गए उधारों को एक पृथक पन्ने पर उपदर्शित करें ।

उपक्रम का विद्यमान कुल वार्षिक उत्पादन	संपूर्ण देश मे विद्यमान कुल उत्पादन	स्तंभ (2) में दिए गए आंकड़ो का/ के स्रोत	प्रस्तावित विस्तार के पश्चात् कुल उत्पादन	(2) के प्रतिशत के रूप में (1)
(1)	(2).	(3)	(4)	(5)

16. यदि प्रस्ताव उत्पादन से संबंधित न होकर किसी (किन्हीं) माल या वस्तु (वस्तुओं) के भंडारकरण, प्रदाय, वितरण, विपणन या नियंत्रण से, या किसी (किन्हीं) सेवा (सेवाओं) के प्रबंध से है तो निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) माल/वस्तु (वस्तुओं) का/के नाम या सेवा (सेवाओं) की विशिष्टियां

(ख) यथास्थिति, मात्रा और मूल्य दोनों के अनुसार प्राक्कलित वार्षिक उत्पादन, या प्रबंध की गई सेवाओं के मूल्य के अनुसार व्यापारावर्त

(ग) यथास्थिति, प्रत्येक माल/वस्तु या सेवा के लिए पृथक-पृथक अखिल भारतीय आधार पर शेयर की प्रतिशतता :

उपक्रम द्वारा, यथास्थिति, भंडार में रखे जाएं या प्रदाय किए गए या वितरित या विपणन किए गए या नियंत्रित या प्रबंध किए गए माल या सेवाओं का विद्यमान कुल वार्षिक मूल्य	संपूर्ण देश में स्तंभ (1) में निर्दिष्ट माल या सेवाओं का मूल्य (प्रबंध की गई सेवा /सेवाओं) की दशा में व्यापारावर्त	उपक्रम के प्रस्तावित विस्तार के पश्चात स्तंभ 1 में निर्दिष्ट माल या सेवाओं का मूल्य	(2) के प्रतिशत के रूप में (1)	स्तंभ (2) में दिए गए आंकड़ो का स्रोत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

17. यदि ऊपर मद 12 में निर्दिष्ट कोई भी उपक्रम वैसे ही माल/वैसी ही वस्तु (वस्तुओं) के उत्पादन, या भंडारकरण, प्रदाय, वितरण, विपणन या नियंत्रण में लगा हुआ है या वैसी ही सेवा (सेवाओं) का प्रबंध करने में लगा हुआ है जो सेवा प्रस्ताव की विषय वस्तु है, तो निम्नलिखित बातों के बारे में जानकारी के साथ-साथ उसकी पूरी विशिष्टियां दें :

(क) अनुज्ञप्त क्षमता

(ख) संस्थापित क्षमता

(ग) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान मात्रा और मूल्य दोनों के अनुसार वार्षिक उत्पादन/व्यापारावर्त

(घ) अखिल भारतीय आधार पर शेयर की प्रतिशतता [उसी रूप में दिया जाए जैसा ऐसे प्रत्येक उपक्रम की बाबत स्तंभ 16(ग) में है]

18. संपूर्ण देश में मांग और पूर्ति की स्थिति :

विद्यमान मांग	अगले 5 से 10 वर्षों या चालू और अगली पंचवर्षीय योजना अवधि (केवल समापन वर्षों) में बढ़ी हुई मांग	पहले से ही अनुमानित क्षमता	वास्तव में संस्थापित क्षमता
(1)	(2)	(3)	(4)

पिछले तीन वर्षों में वास्तविक उत्पादन/व्यापारावर्त वर्षवार	मांग और पूर्ति के बीच अंतर (1) घटा (3) (1) घटा (5)	स्तंभ (1), (2), (3), (4) और (5) में दी गई जानकारी का/के स्रोत
(5)	(6)	(7) (8)

19. प्रस्तावित माल/वस्तुओं की प्रकृति

(क) क्या समय-समय पर यथा-संशोधित तारीख 2-2-1973 की सरकार की औद्योगिक नीति कथन के परिशिष्ट-1 में सम्मिलित है।

(ख) क्या लघु उद्योग सेक्टर के लिए आरक्षित है।

(ग) लघु/मध्यम उद्योग सेक्टर या पब्लिक सेक्टर पर संभाव्य प्रभाव।

20. प्रौद्योगिकी :

(क) क्या प्रस्तावित माल के विनिर्माण या प्रस्तावित सेवा में उन्नत प्रौद्योगिकी अंतर्वलित है ?

(ख) क्या प्रौद्योगिकी, आवेदक द्वारा या किसी अन्य स्वदेशी अनुसंधान और विकास स्थापन द्वारा विकसित की गई है ?

(ग) विदेशी सहयोग यदि कोई हो, की विशिष्टियां।

21. प्रस्तावित माल/सेवा (सेवाओं) की निर्यात क्षमता बताएं और क्या आवेदक कोई निर्यात बाध्यता स्वीकार करने के लिए तैयार है।

22. क्या प्रस्ताव में अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग अंतर्वलित है ? यदि हां तो, ब्यौरे दें।

21. क्या प्रस्ताव में प्रदूषण की दृष्टि से कोई बात है ? यदि हां तो, उन प्रदूषण निवारक उपायों का उल्लेख करें जिन्हें करने का प्रस्ताव है।

24. किए जाने वाले विनिधान का ब्यौरा देते हुए, प्राक्कलित परियोजना लागत

(क) भूमि रु० लाख में

(ख) भवन

(ग) मशीनरी

(1) आयातित

(2) देशी

(घ) काम चालू पूंजी के लिए मार्जिन धन.....

(ङ) अन्य शीर्ष (विनिर्दिष्ट किए जाएं) .....

25 वित्त की प्रस्तावित स्कीम जिस में निम्नलिखित से जुटाई जाने वाली रकम स्पष्टतः उपदर्शित की गई हो

रु. लाख में

(क) साधारण पूंजी

(ख) अधिमान-पूंजी

(ग) डिबेंचर

(घ) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक

(ङ) वित्तीय संस्थाएं (रुपए उधार)

(च) विदेशी मुद्रा उधार

(छ) केन्द्रीय सहायकी

(ज) राज्य सहायकी

(झ) अन्य स्रोत (विनिर्दिष्ट किए जाएं)

26. वित्त की प्रस्तावित स्कीम में संप्रवर्तकों का अभिदाय अर्थात् :—

(क) निम्नलिखित के लिए आवेदक अन्तर्सम्बद्ध उपक्रमों, उनके निदेशकों और नातेदारों, मित्रों और निवेशकों से सहयुक्त व्यक्ति द्वारा अभिदाय की जाने वाली रकम :

(1) साधारण पूंजी

(2) अधिमान-पूंजी

(3) डिबेंचर

(4) अप्रतिभूत उधार

(ख) निम्नलिखित के लिए संयुक्त वेंचर भागीदार यदि कोई हो, द्वारा, अभिदाय की जाने वाली रकम :

(1) साधारण पूंजी

(2) अधिमान पूंजी/डिबेंचर/उधार

(ग) निम्नलिखित के लिए विदेशी सहयोगियों, यदि कोई हो, द्वारा अभिदाय की जाने वाली रकम :

(1) साधारण पूंजी

(2) अधिमान पूंजी/डिबेंचर/उधार

(घ) अन्य संप्रवर्तकों यदि कोई हो, अभिदाय की जाने वाली रकम

(विनिर्दिष्ट की जाएं)

27. प्रस्तावित वित्त की स्कीम को कार्यान्वित किए जाने के पश्चात् ऋण-साधारण अनुपात (संपरीक्षकों द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित, ऋण-साधारण अनुपात की संगणना को दर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न किया जाए)

28. क्या एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 और/या उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन पहले वैसा ही प्रस्ताव किया गया था ? यदि हां, तो प्रस्ताव की विशिष्टियां, सरकार द्वारा किए गया विनिश्चय और संसूचना का संदर्भांक तथा तारीख जिसके द्वारा विनिश्चय भेजा गया था, उपदर्शित किए जाएं ।

29. कोई अन्य जानकारी जो सुसंगत समझी गई है

स्थान.....

तारीख..... मुख्य अधिकारी के हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं,.....सत्यनिष्ठा से, कथन करता हूं कि ऊपर मद 1 से 30 में जो कुछ कथित है वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है ।

मुख्य अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 2क

[नियम 4क (1) देखें]

एकाधिकार तथा अवरोधक, व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 की धारा 22 की उप-धारा (2) के अधीन केन्द्रीय सरकार को आवेदन करने से पूर्व सर्वसाधारण को दी जाने वाली साधारण सूचना का प्ररूप

सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि.....

.....

(यहां आवेदन करने वाले व्यक्ति या प्राधिकारी का नाम उल्लिखित करें) एक नए उपक्रम/एकक/प्रभाग की स्थापना के अनुमोदन के लिए एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 की धारा 22 की उप-धारा (2) के अधीन, केन्द्रीय सरकार के कंपनी कार्य विभाग, नई दिल्ली को, आवेदन करने का प्रस्ताव करता है ।

प्रस्ताव की संक्षिप्त विशिष्टियां निम्नानुसार हैं :

1. आवेदक का नाम और पता

2. आवेदक के संगठन की पूंजी-संरचना

3. निदेशकों के जिसके अंतर्गत प्रबंध/पूर्णकालिक निदेशक और प्रबंधक यदि कोई हो, भी है, नाम उपदर्शित करते हुए आवेदक के संगठन की प्रबंध-संरचना ।

4. यह उपदर्शित करें कि क्या प्रस्ताव, किसी नए उपक्रम या किसी नए एकक/प्रभाग की स्थापना से संबंधित है ।

5. नए उपक्रम/एकक/प्रभाग का स्थान

6. प्रस्ताव वाले उपक्रम की पूंजी-संरचना

7. यदि, प्रस्ताव का संबंध किन्हीं माल/वस्तुओं के उत्पादन, भंडारकरण प्रदाय वितरण, विपणन या नियंत्रण से है तो निम्नलिखित उपदर्शित करें;

(1) माल/वस्तुओं के नाम

(2) प्रस्तावित अनुज्ञप्त क्षमता

(3) प्राक्कलित वार्षिक व्यापारावर्त

8. यदि प्रस्ताव का संबंध किसी सेवा के प्रबंध से है तो मूल्य, आय, व्यापारावर्त, आदि जैसे सामान्य अध्युपायों के रूप में क्रियाकलाप की मात्रा बताएं ।

9. परियोजना की लागत

10. प्रत्येक स्रोत से जुटाई जाने वाली रकम उपदर्शित करते हुए वित्त की स्कीम ।

इस विषय में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिन के भीतर, प्रस्ताव के संबंध में अपने विचार सूचित करते हुए और उसमें अपने हित का प्रकार उपदर्शित करते हुए, सचिव, कंपनी कार्य विभाग, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को चार प्रतियों में अभ्यावेदन कर सकेगा ।

तारीख 198

हस्ताक्षरित

(उपक्रम के मुख्य अधिकारी सूचना जारी करने वाले प्राधिकारी के लिए और उसकी ओर से हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति या किसी अधिकारी का नाम और पदनाम)

(4) प्रपत्र 2 क के पश्चात्, निम्नलिखित प्रपत्र अन्तःस्थापित किया जाएगा अर्थात् :–

प्रपत्र 2 ख

(नियम 6क देखें)

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969

. . . . . .

किसी नए उपक्रम/एकक/प्रभाग के स्थापन से संबंधित वित्त की स्कीम के उपांतरण के लिए आवेदन* का प्रारूप

. . . . . .

1. आवेदक का नाम और पता

2. कृपया बताएं कि क्या एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार नियम, 1970 के नियम 10 के अधीन यथा अपेक्षित फीस का संदाय कर दिया गया है (बैंक का ड्राफ्ट या चालान की मूल प्रति संलग्न की जाए)

3. नए उपक्रम/एकक/प्रभाग का नाम और पता

4. उपक्रम के स्वामी की विधिक प्रास्थिति उपदर्शित करें (क्या एकल स्वत्वधारिता समुत्थान/ भागीदारी फर्म/हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब /निगमित निकाय/अन्य व्यष्टि–संगम या/न्यास है) ।

5. यदि आवेदक स्वत्वधारिता समुत्थान या भागीदारी फर्म है तो, उसकी पूंजी-संरचना के बारे में निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) स्वत्वधारियों/भागीदारों, उनके नातेदारों, मित्रों और सहयुक्तों द्वारा किया गया विनिधान;

(ख) विदेशी भागीदारी यदि कोई हो, और ऐसी भागीदारी के निबन्धन तथा शर्तें; और

(ग) उधार, बैंकों, बीमा कंपनियों, वित्तीय संस्थाओं और अन्य स्रोतों से जुटाए गए उधारों का ब्यौरा देते हुए ।

6. यदि आवेदक निगमित निकाय है तो निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) निगमित निकाय का नाम और उसके रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता

(ख) निगमित निकाय के स्वामित्वाधीन सभी एककों और प्रभागों के नाम और पते

(ग) निदेशकों के, जिसके अन्तर्गत अध्यक्ष, प्रबंध/पूर्णकालिक निदेशक और प्रबंधक यदि कोई हो, भी हैं नाम और पते

(घ) अन्य संगठनों/निगमित निकाय में ऊपर (ग) के सामने दर्शित व्यक्तियों द्वारा धारित स्वत्वधारित भागीदारी या निदेशक पद की विशिष्टियां

(ङ) निगमित निकाय की प्राधिकृत, अभिदत्त और समादत्त पूंजी (साधारण और अधिमान दोनों) । (पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वार्षिक लेखा की एक-एक प्रति संलग्न की जाए)

(च) निम्नलिखित प्रारूप में विद्यमान शेयर धारण पद्धति :

शेयर धारक का नाम	साधारण पूंजी		अधिमान-पूंजी	
	धारित शेयरों की संख्या	कुल पूंजी की प्रतिशतता	धारित शेयरों की संख्या	कुल पूंजी की प्रतिशतता
1	2	3	4	5
(1) संप्रवर्तक				
(2) संप्रवर्तकों के नातेदार, सहयुक्त और मित्र				
(3) निदेशक				
(4) निदेशकों के नातेदार, सहयुक्त और मित्र				
(5) अन्तर्संबद्ध उपक्रम				
(6) अन्य उपक्रम				
(7) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक				
(8) वित्तीय संस्थाएं				
(9) अनिवासी (विदेशी कंपनी/व्यष्टि)				
(10) भारतीय जनता				
योग				

(छ) निम्नलिखित प्रारूप में विद्यमान उधार :

वह स्रोत जिससे निधि जुटाई गई	उधार जिनके अन्तर्गत लोक निक्षेप भी हैं	डिबेंचर	योग
1	2	3	4
(1) संप्रवर्तक और निदेशक तथा उनके नातेदार, मित्र और सहयुक्त			
(2) अन्तर्संबद्ध उपक्रम			
(3) अन्य उपक्रम			
(4) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक			
(5) वित्तीय संस्थाएं			
(6) भारतीय जनता			
(7) अन्य स्रोत (विनिर्दिष्ट किए जाएं)			
योग			

*आवेदन की पांच प्रतियों का भेजा जाना अपेक्षित है ।

(ज) विद्यमान ऋण-साधारण अनुपात (कंपनी के संपरीक्षकों द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित ऋण पूंजी अनुपात की संगणना को दर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न किया जाए)

6. ऐसे नए उपक्रम/एकक/प्रभाग, के बारे में ब्यौरे, जिसके स्थापन को अधिनियम की धारा 22 के अधीन पहले ही अनुमोदित कर दिया गया है (सरकार द्वारा पारित आदेश की प्रति संलग्न की जाए)

7. परियोजना लागत :

व्यय का शीर्ष	पहले प्राक्कलित की गई लागत	पुनरीक्षित लागत प्राक्कलन	वृद्धि/कमी सीमा	अन्तर के कारण
	(रु. लाख में)	(रु. लाख में)	(रु. लाख में)	
1	2	3	4	5
(क) भूमि				
(ख) भवन				
(ग) मशीनरी				
(1) आयातित				
(2) देशी				
(घ) कामकाज पूंजी के लिए मार्जिन धन				
(ङ) अन्य शीर्ष (विनिर्दिष्ट किए जाएं)				
योग				

8. वित्त की स्कीम :

वित्त का स्रोत	रकम जो पहले जुटाई जानी थी (रु. लाख में)	रकम जो अब जुटाई जानी है (रु. लाख में)	वृद्धि/कमी की सीमा (रु. लाख में)	अन्तर के कारण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
(क) साधारण पूंजी				
(ख) अधिमान-पूंजी				
(ग) डिबेंचर				
(घ) वित्तीय संस्थाओं से भिन्न बैंक				
(ङ) वित्तीय संस्थाएं				
(च) विदेशी मुद्रा उधार				
(छ) केन्द्रीय सहायकी				
(ज) राज्य सहायकी				
(झ) अन्य स्रोत (विनिर्दिष्ट किए जाएं)				

9. वित्त की स्कीम में संप्रवर्तक का अभिदाय :

अभिदाय की विशिष्टियां	वित्त की पूर्व स्कीम के अनुसार (रु. लाख में)	उपांतरित स्कीम के अनुसार (रु. लाख में)	वृद्धि/कमी की सीमा (रु. लाख में)	अन्तर के कारण
1	2	3	4	5
(क) निम्नलिखित के लिए आवेदक, अन्तर्संबद्ध उपक्रमों, उनके निदेशकों और नातेदारों, मित्रों और निदेशकों के सहयुक्तों द्वारा अभिदाय की जाने वाली रकम :				
(1) साधारण पूंजी				
(2) अधिमान पूंजी				
(3) डिबेंचर				
(4) अप्रतिभूत उधार				
(ख) संयुक्त सेक्टर भागीदार यदि कोई हो, द्वारा निम्नलिखित के लिए अभिदाय की जाने वाली रकम				
(1) साधारण पूंजी				
(2) अधिमान-पूंजी/डिबेंचर/उधार				
(ग) विदेशी सहयोगियों, यदि कोई हो, द्वारा निम्नलिखित के लिए अभिदाय की जाने वाली रकम				
(1) साधारण पूंजी				
(2) अधिमान-पूंजी/डिबेंचर/उधार				
(घ) अन्य संप्रवर्तक यदि कोई हों, (विनिर्दिष्ट किए जाएं)				
योग				

10. वित्त की उपांतरित स्कीम को कार्यान्वित किए जाने के पश्चात् ऋण-साधारण अनुपात

(संपरीक्षकों द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित ऋण-साधारण अनुपात की संगणना के दर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न किया जाए)

11. यह उपदर्शित करें कि क्या किसी मान्यताप्राप्त शेयर बाजार में साधारण शेयरों को सूचीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है ।

12. कोई अन्य जानकारी जो सुसंगत समझी जाए

मुख्य अधिकारी के हस्ताक्षर

स्थान :

तारीख :

सत्यापन

मैं, क ख .... सत्यनिष्ठा से यह कथन करता हूं कि ऊपर मद 1 से 12 में जो कुछ कथित है वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है।

मुख्य अधिकारी के

हस्ताक्षर

(5) प्ररूप 3, 3क, 4 और 4क के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित रखे जाएंगे अर्थात्:—

"प्ररूप 3

[नियम 7(1) देखें]

चालान सं० ....

बैंक ड्राफ्ट सं० ....

तारीख ....

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 की धारा 23(2) के अनुसरण में विलयन/समामेलन के लिए केन्द्रीय सरकार को दिए जाने वाले आवेदन का प्ररूप।

1. आवेदक का नाम और पता (विलयन/समामेलन की प्रस्तावित स्कीम का पक्षकार) जिसको अधिनियम के अध्याय 3 का भाग क लागू होता है/लागू होगा।
2. विलयन/समामेलन के प्रस्तावित स्कीम के पूर्ण ब्यौरे (स्कीम की एक प्रति संलग्न करें)।
3. विलीन/समामेलित किए जाने के लिए प्रस्तावित उपक्रमों की पूंजी संरचना/पूंजी विनिधान के ब्यौरे
4. समामेलित/विलिन किए जाने के लिए प्रस्तावित उपक्रमों के प्र का रूप।
5. यदि प्रस्ताव में दो या अधिक निगमित निकायों का विलयन या समामेलन अन्तर्वलित है तो कृपया निम्नलिखित उपदर्शित करें:—
   (i) प्रत्येक निगमित निकाय के निदेशकों/प्रबंधकों के नाम और पते,
   (ii) प्रत्येक निगमित निकाय की 5 प्रतिशत या अधिक की साधारण शेयर पूंजी धारण करने वाले शेयर धारकों के नाम और पते,
   (iii) प्रत्येक निगमित निकाय की विद्यमान और समामेलन/विलयन के पश्चात्,

   समामेलित कंपनी की शेयर धारण पद्धति जैसा कि नीचे ब्यौरा दिया गया है।

   (क) वित्तीय संस्थाएं
   [जैसा कि अधिनियम की धारा 2(क) में परिभाषित है]
   (ख) अनिवासी
   (ग) निदेशक और उसके नातेदार
   (घ) अन्तर्सम्बद्ध निगमित निकाय
   (ङ) भारतीय जनता
6. सुसंगत अवधि के दौरान उपक्रमों द्वारा उत्पादित प्रदाय किए गए वितरित या नियंत्रित माल या की गई सेवाओं का वर्णन।
7. सुसंगत अवधि के दौरान प्रत्येक उत्पाद की बाबत संबंधित उपक्रमों का शेयर 1 (कृपया प्रत्येक उपक्रम की बाबत पृथक पृथक अनुज्ञप्त-क्षमता और उत्पादन व्यापारावर्त के बारे में ब्यौरे दें।)
8. एकल स्वत्वधारी/भागीदारों/निदेशकों के नाम और पते सहित अन्तःसम्बद्ध संबंधित उपक्रमों से सभी उपक्रमों का/के नाम और पते/पता ऐसे प्रत्येक उपक्रम की अनुज्ञप्त/संस्थापित क्षमता उत्पादन, प्रदाय वितरण या नियंत्रण और/या की गई सेवाओं के अनुसार प्रत्येक उत्पाद की बाबत पूंजी संरचना व्यापारावर्त और शेयर।
